## संक्षिप्त

### बैठक आयोजित

**नारायणपुर।** उपखंड क्षेत्र के बासदयाल थाने में सोमवार को थानाधिकारी प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक और सुरक्षा सखी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, साइबर अपराध और अन्य अपराधों से बचाव के उपायों पर चर्चा की गई। थानाधिकारी प्रदीप सिंह ने उपस्थित सदस्यों को जागरूक करते हुए कहा कि यदि कहीं भी कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आती है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए सभी को सतर्क रहने की सलाह दी। इस दौरान सभी ने मिलकर अपराध नियंत्रण और समाज में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सहयोग देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में ओमपाल सिंह, सुनीता, बबिता प्रजापत, बबली देवी, हंसा मीणा, सुमन देवी, शकुंतला देवी, मोनिका सैनी, रतनी देवी, मुनेश देवी, राकेश कुमार मीणा सहित कई सीएलजी सदस्य और सुरक्षा सखी उपस्थित रहे।

### भागवत कथा की पूर्णाहुति

**श्रीमाधोपुर।** हांसपुर गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा का समापन हुआ। कथा समापन के बाद पांच कुंडिय यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य यजमान प्रकाश शर्मा ,विश्वनाथ शर्मा, सागरमल शर्मा, विकास शर्मा, रामावतार शर्मा आदि थै। कुंड पर चरण सिंह, मांगीलाल जांगिड़ ,रामू सैनी, पृथ्वी सिंह शेखावत ने आहुति दी। यज्ञ के पश्चात कन्या भोजन व ब्राह्मण भोजन प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन समिति ने समस्त ग्राम वासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। तथा महाराज श्री ने प्रसन्न होकर हासपुर गांव के मंगल की कामना की इस मौके पर गांव के बड़े बुजुर्ग गणमान्य लोग सहित महिलाएं, पुरुष, बच्चे आदि मौजूद थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

**पावटा।** गांव भूरी भडाज के प्राचीन रामेश्वर महादेव, हीरामल बाबा मन्दिर ढाणी मंगलदास वाली भूरी भडाज में 5 मार्च बुधवार को नवें विशाल भंडारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। आयोजक बालदास स्वामी, शंकरलाल स्वामी, कैलाश स्वामी, रामकरण स्वामी, मुकेश स्वामी ने बताया कि इस मौके पर दूर दराज से पधारे संत शिरोमणि व औद्योगिक क्षेत्र सहित आस पास के क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के मंदिर में धोक लगाकर मन्नौती मांगते हुए भंडारे में प्रसादी ग्रहण करेंगे। वही सुबह 10 बजे से हरियाणा प्रसिद्ध गायक अमित चौधरी छम्मा तिवाड़ी एण्ड पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजन संध्या में भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होगा जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण की जाएगी।

### उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**श्रीमाधोपुर।** राजस्थान बौद्ध महासंघ के सदस्यो द्वारा महाबोधि महाविहार बोधगया (बिहार राज्य ) में बोद्ध अनुयायीयों की महान विरासत को गैर - बौद्धों के हस्तक्षेप से मुक्त करवाने के लिए एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया, प्रधानमंत्री महोदय भारत सरकार के नाम पर दिया जिसमें सुगनचंद वर्मा, महेश प्रताप सामरिया, वेद प्रकाश बारोलिया, सुखवीर सिंह बौद्ध, नेमीचंद बागोरिया, अमीचंद भूपेश, अविनाश बराला, देवानंद चौहान, कृष्ण आसीवाल, अरूण चौहान आदि अनेक सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### डीएसओ को सौंपा ज्ञापन

**पावटा।** राशन डीलरों ने बकाया कमीशन देने की मांग को लेकर राशन डीलर कोटपूतली जिला रसद अधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के पावटा ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश सुरेला ने बताया कि राशन की दुकानों का बकाया कमिशन, अभी तक दिए गए कमीशन का स्टेटमेंट, राशन की दुकानों पर गेहूं भेजा जाता है वह दूसरे दिन पहुंचता है जिससे उसमें गेहूं की गड़बड़ी को लेकर व गेहूं का बकाया कमीशन देने की मांग को लेकर जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा को ज्ञापन सौंपा है। डीएसओ ने कमीशन की राशि विभाग से आते ही देने का आश्वासन दिया। इस दौरान पुष्कर शर्मा, शोपाल गुर्जर, रतीराम गुर्जर, नरेश यादव, महेंद्र यादव, विजय सिंह समेत राशन डीलर मौजूद रहे।

# 'हाईवे पर अवैध ब्रेकर हटाए, साइन मार्क व रंबल्ड स्ट्रिप लगाए'

**खैरथल।** खैरथल सचिवालय पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग भूरी सिंह, डीसीएमएचओ पूरणमल मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी शकुंतला मीणा, रिडकोर सहित परिवहन एवं आरएसआरडीसी के अधिकारी मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा के संबंध में संबंधित विभागों द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा कर कहा कि समन्वित प्रयास यह रहे कि जिले की सड़कें दुर्घटना मुक्त होवे।

दुर्घटना की स्थिति में जीवन बचाना प्राथमिकता रहे। उन्होंने सुगम यातायात एवं दुर्घटना संभावित कारणों के लिए गठित समिति की रिपोर्ट की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।



खैरथल जिला सचिवालय पर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते जिला कलेक्टर किशोर कुमार।

बैठक में अधीक्षण अभियंता भूरी सिंह द्वारा बताई गई कार्य योजना पर जिला कलेक्टर ने फैटल एक्सीडेंट को प्रतिवर्ष 20 कम कर आगामी 5 वर्षों में शून्य करने के ओर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच/नगर निकायों के पार्षद द्वारा अवैध कट से दुर्घटना संबंधित जागरूकता हेतु प्रचार प्रसार करने के लिए कहा ताकि स्थानीय स्तर पर ही आमजन के माध्यम से अवैध कट को पुन: खोलने वालों की सूचना प्रशासन तक पहुंच सके।

- **अधिकारी दुर्घटना की सूचना आईआरएडी पर कराया जाना करें सुनिश्चित। सड़क पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला कलेक्टर ने ली जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक।**

उन्होंने नॉन पेचेबल सड़क के प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने के निर्देश दिए जिस पर अधीक्षण अभियंता भूरी सिंह ने बताया कि जिले के नॉन पेचेबल सड़क के प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाएं जा चुके हैं। कलेक्टर ने अधीक्षण अभियंता को ब्लैक स्पॉट मार्गो पर अधिक साइन बोर्ड लगाकर यात्रियों को सजग करने के लिए कहा ताकि ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।

उन्होंने खैरथल-तिजारा एवं भिवाड़ी के पुलिस अधिकारियों, पीडब्ल्यूडी अधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि दुर्घटना की सूचना आईआरएडी (इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस) पर दर्ज करवाना सुनिश्चित कराये। उन्होंने डिप्टी सीएमएचओ को जिले के सभी अस्पतालों को आईआरएडी पर मैप करने के निर्देश दिए। उन्होंने गत वर्ष तथा इस वर्ष में आईआरएडी पर रजिस्टर्ड दुर्घटनाओं संख्याओं की समीक्षा कर सभी विभागों के संयुक्त प्रयास से आईआरएडी पर प्रत्येक दुर्घटना की एंट्री कराने के निर्देश दिए।

## एडिशनल एसपी बनने पर निर्वाणा का किया सम्मान

**किशनगढ़ बास।** किशनगढ़ बास डीएसपी राजेंद्र निर्वाणा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नित किए जाने पर संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी सहित व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कार्यालय पहुंचकर शुभकामनाएं दी और मुंह मीठा कराकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। इस अवसर पर डीएसपी राजेंद्र निर्वाणा ने व्यापारियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अनाज मंडी अध्यक्ष रमेश अग्रवाल, किराना मंडल अध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल, वस्त्र कमेटी उपाध्यक्ष विनय गोयल, रेडीमेड वस्त्र कमेटी अध्यक्ष जनेश भूटानी, लघु उद्योग संघ अध्यक्ष हरमेश खुराना, टेंट एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल खुराना, खाद्य सुरक्षा कमेटी सदस्य संतोष गोयल, बर्तन एसोसिएशन अध्यक्ष मनीष ढिगडा, टेलर एसोसिएशन अध्यक्ष प्रभु दयाल चंदानी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# आदर्श जाट महासभा का होली मिलन समारोह आयोजित

**पावटा।** रविवार को क्षेत्र के ग्राम पंचायत वीर तेजाजी नगर में आदर्श जाट महासभा तहसील पावटा द्वारा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह चौधरी, जगन चौधरी, पूर्व चेयरमैन सुरेश गिठाला खैरतल-तिजारा जिलाध्यक्ष जगदीश चौधरी, किसान महापंचायत जिलाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी, हरसोली तहसील अध्यक्ष शेर सिंह दहिया के मुख्य आतिथ्य में एवं मालाखेड़ा तहसील अध्यक्ष कपूर चंद जाट, अलवर कोषाध्यक्ष हुकमचंद जाट, धूडाराम तहसीलदार, रामेश्वर प्रसाद बाज्या, अमित गजराज, श्रीराम पलसानिया के विशिष्ट आतिथ्य में एवं तहसील अध्यक्ष हनुमान सहाय गजराज के संयोजक में गणपति मैरिज गार्डन में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह चौधरी ने कहा कि शिक्षा से ही समाज में बदलाव संभव है शिक्षा वह हथियार है जो मनुष्य को जीवन में आने वाली हर बाधा से लड़कर सफलता कि और अग्रसर करता है। संयोजक व तहसील अध्यक्ष गजराज ने कहा कि समाज की कुरुतियों को खत्म कर हमें एक आदर्श समाज बनाना होगा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना होगा क्योंकि एक बालिका शिक्षित होती है तो दो परिवारों कि दशा व दिशा को बदलती है। सभी अतिथियों को माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर समाज को एकजुट कर विकास की और आगे बढ़ने का संकल्प लिया।



गणपति मैरिज गार्डन में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया।

## शहर के मुख्य मार्गो से हटाए अस्थाई अतिक्रमण

**निवाई।** पुलिस प्रशासन और नगर पालिका प्रशासन ने सोमवार को संयुक्त रूप से शहर में हो रहे अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन के साथ शहर के अहिंसा सर्किल, बस स्टैंड, राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय, झिलाय रोड, चिंताहरण गणेश मंदिर, सब्जी मंडी व कृषि मंडी पर हो रहे अतिक्रमणों को हटाया गया है। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को अपनी तय सीमा के आगे अपना सामान नहीं रखने के लिए पाबंद किया। इसी प्रकार झिलाय रोड पर अव्यवस्थित तरीके से खड़े रहने वाले सब्जी के ठेलों को व्यवस्थित करवाया और निर्धारित स्थान पर ठेलों को लगाने की हिदायत दी। जल्दी ही शहर के मुख्य बाजार में हो रही अव्यवस्थाओं को भी अभियान के माध्यम से सही किया जाएगा। इस दौरान व्यापारियों को पाबंद किया गया कि अगर कोई भी दुकानदार अवैध अतिक्रमण करता है ।

# डोरी खींच के राखिजे, यो है बाबा को निशान, पैदल चालनियां के सागे चाले बाबो श्याम

**पीपलू।** खाटूश्याम बाबा का लक्खी मेला परवान चढ़ने लगा है। मेले में शिरकत करने के लिए कोई श्रद्धालु अपने गांव से पैदल, कोई रींगस से पैदल तो कोई वाहनों से दर्शनों के लिए जा रहा है। उपखंड क्षेत्र के झिराना से श्रीश्याम सखा परिवार की ओर से भी सोमवार को खाटूश्याम बाबा के दर्शनों के लिए धूमधाम से 30 वीं पदयात्रा रवाना हुई। झिराना स्थित केदारनाथ मंदिर पर निशान ध्वज पूजन, आरती के बाद गांव के विभिन्न मार्गों से होकर जुलूस के साथ पदयात्रा रवाना हुई।

- **हाडीखुर्द, झिराना से श्याम के जयकारों के साथ नाचते-गाते रवाना हुई पदयात्रा**

इस दौरान पूरा कस्बा श्याम रंग में रंगा नजर आया। जूलूस में पैदलयात्री, श्यामप्रेमी भजनों पर नाचते-झूमते नजर आए। युवा हाथों में बाबा का निशान लेकर लहरा रहे थे तो भक्तों ने जमकर पुष्प वर्षा की। इसी तरह हाडीखुर्द बालाजी मंदिर से भी खाटूश्याम बाबा के दर्शनों के लिए पैदलयात्रा रवाना हुई। इस अवसर पर ओमप्रकाश चौधरी, कैलाश सैनी, हरिओम नामा, ओमप्रकाश शर्मा, टीकमचंद साहू, कजोड़ सैनी, इंद्र जैन, विनोद जैन, अशोक सैनी, भंवरलाल बराला झिराना, हाडीखुर्द से सचिन, सौरभ शर्मा, देवेंद्र, देवीशंकर, शंकर, भंवरलाल,संजय शर्मा सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

पदयात्री रानोली, खेड़ा का बालाजी, माधोराजपुरा, झाड़ला-झाड़ली, मदरामपुरा, सांगानेर, हरमाड़ा, चौमू व रींगस होते हुए 9 मार्च को खाटूश्याम पहुंचेंगे। जहां पदयात्री यात्रा की सफलता का ध्वज मंदिर में चढ़ाते हुए खाटू श्याम बाबा के दर्शन करके मनौती करेंगे। तदोपरांत अगले दिन पदयात्री बाबा श्यामबाबा के वार्षिक मेले में शिरकत करके अपने गंतव्य स्थान को लौटेंगे। इसी तरह उपतहसील रानोली मुख्यालय से भी चौथी बार खाटूश्याम बाबा के दर्शनों के लिए 6 मार्च को पदयात्रा रवाना होगी।



श्याम बाबा के लिए रवाना हुई पदयात्रा में शामिल श्रद्धालु।

## फसल खराब के मुआवजे को लेकर विधायक ने विधानसभा में उठाई मांग

**शाहपुरा।** विधायक मनीष यादव ने प्रथम सत्र से लेकर वर्तमान तृतीय सत्र में लगातार तीनों सत्रों में किसानों की समस्याओं को लेकर लगातार मामले उठाते देखे जा रहे है। सोमवार को विधायक ने प्रदेश में वर्ष 2022-23 में रबी की फसल का शीत लहर व पाले के कारण खराबा जो कि किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया था फसल खराबा प्रदेश के जयपुर व सीकर जिले में अधिक रहा था। फसल खराबे के कारण सरकार ने प्रभावित किसानों को मुआवजे देने की घोषणा की थी जिसमें शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के भी 17598 किसानों को फसल खराबे के आदान-अनुदान के लिए डीएमआईएस पोर्टल पर रजिस्टर किया गया था जिनमे से 3123 किसानों का 1 करोड 61 लाख रुपये का आदान-अनुदान का भुगतान आज तक भी पेंडिंग है। विधायक मनीष यादव ने मांग उठाते हुए कहा कि विधानसभा के प्रथम सत्र में अंत: सत्र प्रश्न संख्या 2070 दिनांक 15 मार्च 2024 के माध्यम से भुगतान से वंचित किसानों को भुगतान किए जाने के संबंध में पूछा जिसका 28 मई 2024 को प्राप्त जवाब में सरकार ने भुगतान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन बताई, उसके पश्चात द्वितीय सत्र में अतारांकित प्रश्न संख्या 643 दिनांक 18 जून 2024 के माध्यम से बकाया किसानों के भुगतान किये जानें के सबंध में पूछा जिसका लगभग 7 महीनें पश्चात दिनांक 28 जनवरी 2025 को प्राप्त जवाब में सरकार ने बताया कि कृषि आदान-अनुदान शीघ्र भुगतान करनें की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उसकें पश्चात मेरे द्वारा पुन: तृतीय सत्र में विधानसभा कार्यसंचालन एव प्रक्रिया के नियम 131 के तहत मंत्री का ध्यान आकर्षित करनें के लिए प्रस्ताव लगाया जिसमें सरकार ने बताया कि बिल बनाकर कोषालय जयपुर को भिजवाए जा चुके है तथा शीघ्र भुगतान कर दिया जावेगा, परन्तु आज तक किसानों का भुगतान नही हुआ।

प्रदेश का अन्नदाता जो हमारे लिए विषम परिस्थितियों में अनाज उगानें का काम करता है, जिसकी काश्त के खराबे के आदान-अनुदान को लेकर भी सरकार गंभीर नही है, तथा गत 15 माह से सिर्फ भुगतान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। विधायक ने कहा कि यह हम सबकी समझ से परे है, कि इस प्रक्रियाधीन कार्यवाही की चाल इतनी धीमी कैसे हो गई जो 15 माह से फसल खराबें का आदान-अनुदान किसानों के खाते तक नही पहुंचा है अत: आग्रह है कि इन काश्तकारों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए फसल खराबें का आदान-अनुदान शीघ्र दिलवाया जाकर इन्हें राहत प्रदान करावे जिससे इनको आर्थिक संबल मिले।

# मारपीठ के मामले में आठ वांछित फरार आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चलाये गये वांछित अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत विभिन्न थानो द्वारा वांछित फरार वारन्टीयों को गिरफ्तार किया गया है।

इसी क्रम में मेहन्दवास थाने की गठित दल ने मारपीठ के मामले में 9 वर्ष से फरार वांछित अपराधी धारासिंह पुत्र भैरूसिंह दरोगा उम्र 35 साल निवासी लहन को गिरफ्तार किया तथा थाना लाम्बाहरिसिंह में फरार आरोपी किशन पुत्र रामकरण माली उम्र 40 साल निवासी उनियाराखुर्द थाना मोर हाल निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी गुलाबपुरा जिला भीलवाडा को गिरफ्तार किया गया है, जिसे आज न्यायालय में पेश किया जायेगा। इसी क्रम में थाना दत्तवास में दर्ज एमएमडीआर एक्ट में 5 वर्ष से फरार आरोपी मुकेश पुत्र जगदीश जाट उम्र 33 साल निवासी नानेर थाना झिराना को विशेष टीम ने खास मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है।

इसी क्रम में थाना निवाई क्षैत्र में वृताधिकारी मृत्युजंय मिश्रा वृत निवाई के निर्देशन में थानाधिकारी रामजीलाल द्वारा गठित टीम ने बीएनएस व पीडीपीपी एक्ट में फरार आरोपी मेघराज उर्फ मेघू पुत्र कजोड गुर्जर निवासी गर्ल्स स्कूल केपास वार्ड न. 7 शिवाड थाना चोथ का बरवाडा को डिटेन कर सदर थाना टोंक को सुपुर्द किया तथा थाने में दर्ज प्रकरणों में फरार चल रहे वांछित आरोपी बल्लू उर्फ सददाम पुत्र जहूर निवासी कसाई मोहल्ला निवाई, बालीराम पुत्र जगदीश की निवासी चिरौंज थाना बरोनी व धन्नालाल पुत्र बालूराम गुर्जर निवासी नाथडी थाना पीपलू को गिरफ्तार किया गया तथा आमजन को परेशान व धमकियां देने वाले आरोपी तेजवीर सिंह उर्फ हट्टा पुत्र हरिसिंह राजपूत उम्र 30 साल निवासी शिवाजी कॉलोनी गली नकृ11 निवाई को बीएनएसएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया।



विभिन्न थानो द्वारा वांछित फरार वारन्टीयों को गिरफ्तार किया।

- **पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चलाये गये वांछित अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत विभिन्न थानो द्वारा वांछित फरार वारन्टीयों को गिरफ्तार**

## मोबाइल चिकित्सा वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**श्रीमाधोपुर।** खाटू श्याम जी पदयात्रा सेवा वार्ड मोबाइल चिकित्सा वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना ग्यारह मार्च तक त्रिवेणी धाम से रींगस तक पदयात्रियों को तत्काल चिकित्सा सेवा देने के लिए दौड़ेंगे।

मोबाइल वाहन अजीतगढ इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अजीतगढ़ के तत्वावधान में 3 मार्च से 11 मार्च तक बाबा श्याम के लख्खी मेले में दूर दराज से आने वाले पदयात्रियों के लिए तत्काल चिकित्सा लाभ देने हेतु धार्मिक स्थल त्रिवेणीधाम से खाटू नगरी तक मोबाइल चिकित्सा वाहन सेवा को सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे उप तहसीलदार झुंडाराम कुड़ी, बाबा नारायण दास राजकीय उप जिला अस्पताल के पी एम ओ अशोक कुमावत, पंचायत समिति के अतिरिक्त विकास अधिकारी सांवर मल और सोसायटी के जिला सदस्य दिनेश गोविंद शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तहसील प्रभारी कपिल मीणा ने बताया कि वाहन समन्वयक समाजसेवी सुशील शर्मा दिवराला के निर्देशन में काम करेंगे।

## सार-समाचार

### खाटू श्याम पदयात्रा रवाना



**राजगढ़।** श्याम मित्र मंडल की ओर से 23 वी खाटू श्याम पदयात्रा श्रद्धा एवं उल्लास के साथ 3 मार्च सोमवार को खाटू धाम के लिए रवाना हुई । हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा के उद्घोष के साथ पदयात्रा का उपस्थित लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान भजनो की भावपूर्ण प्रस्तुति पर महिलाओं ने मनमोहक नृत्य कर कार्यक्रम को ऊंचाइयां प्रदान की। इससे पूर्व खवास का बाग देवी जी मंदिर से प्रात पूजा अर्चना एवं महा आरती के बाद खाटू धाम पदयात्रा रवाना हुई। पदयात्रा कस्बे के स्टेशन मार्ग एवं बस स्टैंड होते हुए गणेश पोल स्थित मंदिर पहुंची। गणेशपोल मंदिर से चौपड़ बाजार खाटू श्याम मंदिर पर पहुंची जहां पर महंत पूर्ण दास महाराज ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। पदयात्रा को पंडित भवानी सहाय स्मारक के पास नगर पालिका की ओर से चैन बंद होने की वजह से विलंब का सामना करना पड़ा। पदयात्रा का प्रमुख मार्ग में श्रद्धालु धर्म प्रेमी लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर राधा कृष्ण की जोड़ी के मनमोहक नृत्य ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। पदयात्रा आयोजन से जुड़े हरी प्रसाद टेलर एवं चिरमोल सैनी, गिर्राज सैनी, एवं अन्य ने बताया कि खाटू श्याम पदयात्रा 3 मार्च को प्रारंभ होकर सांवरिया मंदिर, धरमपुरा, आंधी, गोविंदगढ़ एवं रीगस होती हुई 10 मार्च को खाटू धाम पहुंचेगी।

### तीन मकानों से हुई लाखो की चोरी

**टोंक।** दतवास थाना क्षेत्र में बीती रात को अज्ञात चोरों ने तीन मकानों के ताले तोड़कर उनमें रखे दो लाख इक्कीस हजार रुपए, एक किलो वजनी चांदी के कड़े और कुछ कपड़े चुराकर ले गए। घटना के समय पीड़ित परिवार गांव में शादी समारोह और निजी काम से बाहर गए हुए थे। जिसकी सूचना पर पुलिस रविवार को मौके पर पहुंची और जायजा लिया। ग्राम हिंगोनियां निवासी पीड़ित घासी लाल गुर्जर ने बताया कि उसके नए मकान का काम चल रहा था, जिसके कारण उसके लिए घर में दो लाख दस हजार रुपए रखे हुए थे तथा पत्नी व बच्चे धार्मिक कार्यक्रम कही गये हुए थे। पीछे से अज्ञात चोरों ने सुने मकान का ताला तोड़कर कमरे में रखे दो लाख दस हजार रुपए ले गए। दूसरी चोरी इसी ढाणी में रमेश बैरवा के घर में हुई, जहा घर की सीमेंट की जालियां तोड़कर चोर पीड़ित की स्वर्गीय मां की रखी एक किलो चांदी की पैरों की कड़िया ले गए, वही तीसरी चोरी हिंगोनियां ग्राम पंचायत की ढाणी बाढ़ रामपुरा में पूर्व सरपंच हनुतीलाल गुर्जर के मकान में हुई। जहा चोरों ने ताला तोड़कर करीब ग्यारह हजार रुपए और कुछ कपड़े चुरा ले गए। पीड़ित परिवार बीती रात को शादी समारोह में गया हुआ था।

### आरोपियों को किया गिरफ्तार

**निवाई।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रामजीलाल ने बताया कि आरोपियों को पकडऩे के लिए डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के निकट सुपरविजन में टीम का गठन किया गया था। टीम ने पुलिस थाना सदर टोंक के प्रकरण में तीन माह से फरार चल रहे आरोपी मेघराज उर्फ मेग्गू उर्फ डाक पुत्र कजोड़ गुर्जर निवासी शिवाड़, जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार कर सदर टोंक पुलिस को सुपुर्द किया है। इसी प्रकार निवाई थाने में विभिन्न प्रकरणों में 1 वर्ष से फरार चल रहे वांछित आरोपी बल्लू उर्फ सद्दाम निवासी कसाइयों का मोहल्ला निवाई, बालिराम पुत्र जगदीश कीर निवासी चिरौंज थाना बरोनी, धन्नालाल पुत्र बालूराम गुर्जर निवासी नाथड़ी थाना पीपलू को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार तेजवीर सिंह चौहान उर्फ हटटा पुत्र हरि सिंह निवासी निवाई को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपियों को पकडऩे में हेड कांस्टेबल हिम्मत सिंह, निवाई स्पेशल टीम के राधाकिशन यादव, रामेश्वर, शंकरलाल, मुकेश व विनोद की अहम भूमिका रही है। थानाधिकारी बैरवा ने बताया कि वांछित फरार आरोपियों को अभियान के तहत जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### खाटूधाम के लिए पदयात्रा रवाना

**निवाई।** गांव नाहरवाडी से खाटूधाम के लिए सोमवार को बैण्ड बाजे के साथ पदयात्रा रवाना हुई। जिसमें डीजे के मधुर भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। अनिश मौजीवाल व मनीष मौजीवाल ने बताया कि नाहरवाडी से खाटूधाम के लिए सोमवार को सुबह 8 बजे ध्वज पूजन करके पदयात्रा रवाना हुई। उन्होंने बताया कि पदयात्रा को जुलूस डीजे के साथ गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए रवाना हुआ। पदायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि पदयात्रा का पहला विश्राम निवाई बाईपास पर कैर वाले बाबा के हुआ। दूसरा विश्राम चाकसू शीतला माताजी के मंदिर पर होगा। इसी प्रकार जयपुर मानसरोवर, हथौड, चौमू, रिंगस एवं सातवां विश्राम खाटूधाम पर होगा। इस अवसर पर रामस्वरूप मौजीवाल, रामनारायण गगनन्दवल, नरेश नन्दवल, जेके नन्दवल, सुमित मौजीवाल, सागर नन्दवल, मोहित नन्दवल, अर्जुन सुकवाल, चिराग मौजीवाल, पुजारी भरत स्वामी, अनिश मौजीवाल, मनीष मौजीवाल, सुरेन्द्र डोई, धर्मसिंह डोई व राजाराम डोई सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### पोस्टर का किया विमोचन

**श्रीमाधोपुर ।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अजीतगढ़ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च शनिवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय अजीतगढ़ में विभागीय अभिशंषा वाली विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त महिला कार्मिकों को सम्मानित करेगी। कार्यक्रम के संदर्भ में राजकीय आवास पर आयै नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने विशिष्ट उपलब्धि सम्मान महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। सोसायटी के तहसील प्रभारी कपिल मीणा ने बताया कि आयोजन राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर अजीतगढ़ में दोपहर एक से तीन बजे तक रखा गया है । जिसमें विभन्न विभागो में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली महिला कार्मिकों का सम्मान होगा। ब्लॉक संयोजक शंकर लाल शर्मा ने जानकारी दी कि इस समारोह में राजस्थान सरकार के नगरीय विकास एंव स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा मुख्य अतिथ होंगें। जिला सदस्य दिनेश गोविंद शर्मा ने कहा कि आयोजन को लेकर स्वागत समिति,पारितोषिक वितरण समिति, मंच व्यवस्था समिति, पांडाल प्रबंधन समिति,जलपान समिति, पंजीयन समिति सहित विभिन्न समितियों का गठन कर कार्य की जिम्मेदारियां दे दी गई हैं।

### ललवाड़ी में शिविर का आयोजन

**निवाई।** ग्राम पंचायत ललवाड़ी में फॉर्मर रजिस्ट्री करण शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत प्रशासक देवालाल गुर्जर ने बताया कि शिविर का आयोजन भू अभिलेख निरीक्षक ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत पर तीन दिवसीय कैंप लगाकर प्रत्येक किसान की फॉर्मर रजिस्ट्रीकरण किया जा रहा है। जिससे किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। शिविर में कंप्यूटर अनुदेशक छोटूलाल बैरवा, ग्राम विकास अधिकारी शिवराज गुर्जर, पटवारी प्रभु चौधरी, पटवारी दीप्ति शर्मा, कनिष्ठ सहायक राजाराम मीणा व ग्राम सेवक कैलाश गुर्जर सहित अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान वार्ड पंच गिर्राज सैनी, रहमो बानो छोटू लाल वर्मा लाडी देवी, सांवरा माली भगवान सिंह परिहार मोरपाल जाट मुंशी चाचा व गोरुलाल बैरवा सहित कई लोग मौजूद थे।

### समिति के बने संयोजक

**मालपुरा ।** सोमवार को हिन्दु समरसत्ता मंच की हुई बैठक मे मौजूद हिन्दु समाज के गणमान्य नागरिको ने इस बार होली व नववर्ष का आयोजन धूमधाम से करने का निर्णय लिया तो साथ ही इन दोनो अवसरो पर शहर मे कई रंगारंग कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लेते हुये त्रिलोक चन्द जैन को होली आयोजन समिति व रमाकांत पाठक को नववर्ष आयोजन समिति संयोजक बनाया गया।